# दिशा–निर्देश

शताधिक वर्ष पुराने पटना विश्वविद्यालय के नामांकन वेबपटल पर आपका स्वागत है। विदित ही है कि पटना विश्वविद्यालय का इतिहास गौरवशाली रहा है और इस विश्वविद्यालय में नामांकन लेकर योग्यताएँ अर्जित करना विद्यार्थियों के जीवन का एक स्वर्णिम सोपान होता है। पटना विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न विषयों की शिक्षण व्यवस्था है। नियमित (Regular) एवं विभिन्न व्यावसायिक (Vocational) पाठ्यक्रमों में स्नातक स्तर की शिक्षण व्यवस्था पटना कॉलेज, पटना सायंस कॉलेज, बी०एन० कॉलेज, वाणिज्य महाविद्यालय एवं मगध महिला कॉलेज में है जिसमें नामाकंन Patna University Common Entrance Test (PUCET) के आधार पर होता हैं। पटना विश्वविद्यालय बिहार में इकलौता विश्वविद्यालय है जहाँ स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर स्तर पर CBCS पाठ्यक्रम लागू है।

वर्तमान सत्र (2023–26) में नामांकन के लिए आवेदन करने हेतु यह वेबपटल विकसित किया गया है जिस पर आप अपने मोबाईल न० द्वारा पंजीकरण कराकर आवेदन कर सकते हैं। सफल पंजीकरणोपरान्त आपको User Id एवं Password पंजीकृत माबोईल न० पर SMS द्वारा मिलेगा जिसके प्रयोग से आप वेबपटल से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। आवेदन देने के पूर्व आप निम्न बातों पर ध्यान दें–

I. पटना विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर कई विषयों की पढ़ाई होती है। आप अपनी रूचि के अनुसार विषय एवं महाविद्यालय का चयन कर सकते हैं। नियमित पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदन शुल्क 1,100/–रु० मात्र तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम में भी नामांकन के लिए आवेदन शुल्क 1,100/–रु० मात्र होगा। यदि कोई छात्र दोनों पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें कुल 1,100 + 1,100 = 2,200/–रु० मात्र आवेदन शुल्क लगेगा। स्नातक स्तर के नियमित एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। आप एक मोबाईल न० से दोनों प्रकार के आवेदन हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। आप अपना मोबाइल नं० User Id एवं Password सदा सुरक्षित रखें क्योकिं पटना विश्वविद्यालय में आगे सभी कार्य हेतु बेवसाइट पर Login करने में इनकी आवश्यकता होगी।

विभिन्न स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु आवश्यक अर्हता का विवरण निम्न प्रकार है:–

| **Name of the Programmes** | नियमित पाठ्यक्रम : (Regular Course) | **Fee at the time of Admission** |
|---|---|---|
| **B.A. (Hons)** | Candidates who have passed intermediate examination I.A./I.Sc./I.Com or +2 of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate. | ₹ 2,230/- Per Semester and ₹ 2,830/- Per Semester for Geography, Psychology, Home Science, Music |
| **B.Sc. (Hons)** | Candidates who have passed intermediate examination I.Sc. or +2 of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate. | ₹ 2,830/- Per Semester |
| **B.Com. (Hons)** | Candidates who have passed intermediate examination I.A./I.Sc./I.Com or +2 of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate. | ₹ 2,230/- Per Semester |

| **Name of the Programmes** | व्यावसायिक पाठ्यक्रमः **(Vocational Course)** | **Fee at the time of Admission** |
|---|---|---|
| **BCA** | Candidates who have passed intermediate examination of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate at the qualifying examination with Mathematics or Statistics. | ₹ 13,600/ Per Semester |
| **BBA** | Candidates who have passed intermediate examination of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate at the qualifying examination. | ₹ 24,940/- Per Year |
| **B.Sc. Biotechnology** | Candidates who have passed intermediate examination of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) in Biology stream / I.Sc. in PCB or PCMB with 45 % marks in aggregate. | ₹ 16,120/- Per Semester |

| | | |
|---|---|---|
| **B.Sc. Environmental Science** | Candidates who have passed intermediate examination (I.Sc / 10+2 ) of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate at the qualifying examination. | ₹ 11,020/- Per Semester |
| **BMC** | Candidates who have passed intermediate examination of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate at the qualifying examination. | ₹ 13,620/- Per Semester |
| **BSW** | Candidates who have passed intermediate examination of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate at the qualifying examination. | ₹ 9,230/ Per Semester |
| **B. A. Functional English** | Candidates who have passed intermediate examination of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards (CBSE/ICSE/other State Board) with at least 45% marks in aggregate at the qualifying examination. | ₹ 15,000/ Per Year |
| **B.Com (Hons)** | Candidates who have passed intermediate examination I.A./ I.Sc./ I.Com or +2 of Bihar School Examination Board or equivalent examination offered by other approved Boards(CBSE/ICSE/ other State Board) with at least 45% marks in aggregate. | ₹ 23,490/- Per Year |

II. आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद नामांकन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीयकृत नामांकन जाँच परीक्षा PUCET (Patna University Common Entrance Test) आयोजित की जायेगी जिसमें आपके द्वारा अर्जित अंक के आधार पर ही आपका नामाकंन लिया जायेगा बशर्ते कि आप अन्य सभी वांछित अर्हताएँ पूरी करते हों। नामांकन जाँच परीक्षा 100 अंको की होगी जिसमें प्रश्न पत्र चार समूहों A, B, C तथा D में विभाजित होगा। सबों के लिए ग्रुप A (40 अंक) अनिवार्य होगें और B, C तथा D ग्रुप में से किसी एक ग्रुप (60 अंक) का ही उत्तर देना होगा। PUCET में छात्रों द्वारा अर्जित अंको के आधार पर एक मेधा–सूची जारी की जायेगी और मेधा–क्रमानुसार छात्रों को नामांकन लेने का अवसर दिया जायेगा। मेधा–सूची जारी होने के पश्चात् आपको नामांकन हेतु विषय एवं महाविद्यालय चयन का मौका दिया जायेगा।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु भी नामांकन जाँच परीक्षा 100 अंकों की होगी जिसमें अंकों का विभाजन दो समूहों क्रमशः 40 अकं के अनिवार्य समूह A और 60 अकं का प्रत्येक विषय से संबंधित सात स्वेच्छ (Optional) समहू B, C, D, E, F, G, एवं H होगें जिसमें से किसी एक का चयन छात्र अपनी इच्छानुसार कर सकेंगे। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे। छात्रों द्वारा अर्जित अंकों के आधार पर एक साझा मेधा–सूची तैयार की जायेगी जिसके मेधा–क्रमानुसार आपको नामांकन का अवसर दिया जायेगा।

IV. जिन छात्रों का इंटर स्तरीय परीक्षा परिणाम अभी नहीं आया है वे भी आवेदन कर सकते हैं। ऐसे छात्र आवेदन करते समय परीक्षा प्रवेश पत्र (Admit Card) की प्रति आवदेन के साथ अपलोड करेंगे और नामांकन के समय इंटरस्तरीय परीक्षा परिणाम उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा नामांकन से वंचित रहेंगे। अतएव पटना विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु आपको नामांकन पटल से उक्त दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन समर्पित करना होगा। तय समय सीमा में आवेदन न करने पर आप नामांकन के लिए कोई दावेदारी न कर सकेंगे और पूर्णतः अयोग्य होंगे।

V. पूर्व में देखा गया है कि छात्र आवेदन करते समय अक्सर निम्न गलतियाँ करते हैं और नामांकन का अवसर खो देते हैं–

a. अपना User Id और Password संभाल कर नहीं रखते।

b. आवेदन पत्र में नाम, आरक्षण कोटि, विषय, जन्म तिथि आदि भरने में गलतियाँ करते हैं जिसमें आवेदन करने के बाद कोई संशोधन संभव नहीं है। अतः आवेदन भरने में लापरवाही न बरतें बल्कि सतर्कता के साथ आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के पूर्व भरे गए सभी विवरण का जाँच कर हीं आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। आरक्षण कोटि भरने के पूर्व आरक्षण तालिका से कोटि जाँच कर ही भरें।

c. आवेदन पत्र एवं Payment Slip की मुद्रित प्रति (Printed copy) अवश्य पास में रख लें।

d. आवेदन करने के लिए अंतिम समय का इंतजार न करें अन्यथा अंतिम समय में पेमेंट फेल होने पर आपका आवेदन मान्य नहीं होगा।

e. आपके नामांकन हेतु काउंसिलिंग के लिए निर्धारित समय सीमा में उपस्थित नहीं होने पर आप नामांकन लेने से वंचित हो जाएगें।

VI. आवेदन भरने की अंतिम तिथि 09 मई 2023 है एवं लिखित परीक्षा की सभावित तिथि 27 मई 2023 (व्यवसायिक पाठ्यक्रम) तथा 28 मई 2023 (नियमित पाठ्यक्रम) के लिए रखी गई है।

VII. आवेदन प्रपत्र में यदि कोई त्रुटि है तो आवेदन सुधार 15 मई से 20 मई 2023 के बीच कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन में किसी भी तरह का सुधार संभव नहीं होगा।

VIII. आवेदन प्रपत्र भरने में किसी तरह की दिक्कत होने पर हेल्पलाइन नं० (6299897765) से सम्पर्क करें।